# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## बारहवां सत्र

## मौखिक उत्तर हेतु स्थगित प्रश्न

## मंगलवार, 01 सितम्बर, 2026/10, भाद्रपद, 1948 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री].**

**कुल प्रश्न 2**

----

**बन्द संस्थान**

***3300 श्री जय राम ठाकुर (सिराज़) :**
**श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी) :**
**श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31 जुलाई, 2025 तक प्रदेश में विभिन्न विभागों के कितने संस्थान बंद/विलय/डिनोटिफाई किए गए तथा कितने नए संस्थान खोले गए; विभागवार तथा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में इन संस्थानों में से कौन-कौन से संस्थानों को पुनः आरम्भ किया गया; पूर्व में बंद करने तथा बाद में पुनः आरम्भ करने के कारणों का ब्यौरा विभागवार तथा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ग) जिन संस्थानों को पुनः आरम्भ किया गया है, क्या उनके भवनों का निर्माण किया जा चुका है; यदि नहीं, तो इस हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## आरक्षण

***4167 श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग को सरकारी विभागों में नौकरियों व प्रशिक्षण देने हेतु कितने प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है; विभागवार ब्यौरा दें;

(ख) स्वास्थ्य विभाग में एम0बी0बी0एस0 की सिलेक्शन में इस वर्ग को कितने प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है; और

(ग) ओ0बी0सी0 वर्ग को शिक्षा विभाग के तहत विश्वविद्यालयों में सरकारी नौकरी हेतु कितने प्रतिशत आरक्षण है; ब्यौरा दें?

----

**शिमलाः 171004.** **यशपाल शर्मा,**

**27 अगस्त, 2026.** **सचिव**